दिन– सोमवार दिनांक– 22/07/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. संसद का बजट सत्र आज से। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन लोकसभा में पेश करेंगी आर्थिक सर्वेक्षण।

02. बिहार विधानमंडल का पांच दिवसीय मानसून सत्र भी आज से हो रहा है शुरू। सत्र के दौरान दोनों सदनों की पांच–पांच बैठके होंगी।

03. राज्य सरकार पंचायतों में टेंडर के माध्यम से पंद्रह लाख रूपये से कम की योजना का काम कराने के फैसले पर पुनर्विचार करेगी।

04. और, सावन के पवित्र महीने की आज से शुरूआत। मंदिरो और शिवालयों में भक्तों की उमड़ी है भीड़।

---

संसद का बजट सत्र आज शुरू हो रहा है। बारह अगस्त तक चलने वाले इस सत्र में कुल सोलह बैठके होंगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस सत्र में मुख्य रूप से केन्द्रीय बजट दो हजार चौबीस–पच्चीस से संबंधित वित्तीय कार्य निपटाये जाएंगे।

–––कट–––

दोनों सदनों की सुचारू कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कल सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार किसी भी विषय पर खुले मन से चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि संसद की सुचारू कार्यवाही सुनिश्चित करना सरकार और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। श्री रिजिजू ने बहुमूल्य सुझव देने के लिए विभिन्न दलों के सदन नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया और बजट सत्र के सुचारू संचालन के लिए सबसे सहयोग का अनुरोध किया।

–––बाइट–––

---

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन आज लोकसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार तेहईस–चौबीस का आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत करेंगी। वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग ने मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉक्टर वी. अनंत नागेश्वरन की देख–रेख में सर्वेक्षण

दस्तावेज तैयार किया है। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किये जाने के बाद मुख्य आर्थिक सलाहकार आज दोपहर मीडिया को संबोधित करेंगे। अर्थव्यवस्था और आर्थिक वृद्धि के भावी परिदृश्य का रिपोर्ट कार्ड आर्थिक सर्वेक्षण अर्थव्यवस्था की स्थिति, संभावनाओं और नीतिगत चुनौतियों का विस्तृत ब्योरा देता है।

---

बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र आज से शुरू हो रहा है। छब्बीस जुलाई तक चलने वाले सत्र के दौरान दोनों सदनों की पांच–पांच बैठकें होंगी। सत्र के पहले दिन आज राज्यपाल की ओर से स्वीकृत अध्यादेशों की प्रति सदन पटल पर रखी जाएगी। आज ही चालू वित्तीय वर्ष का पहला अनुपूरक बजट भी पेश किया जाएगा। इसके अलावा रूपौली विधानसभा उपचुनाव में नवनिर्वाचित सदस्य शंकर सिंह को सदन की सदस्यता की शपथ भी दिलाई जाएगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि सत्र के दौरान सरकार द्वारा प्रश्न पत्र लीक की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए विधेयक लाये जाने की संभावना है। इधर, राजद और कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति समेत अन्य मुद्दों को लेकर सदन में सरकार को घेरने की बात कही है। वहीं, सरकार की ओर से कहा गया है कि सदन के भीतर विपक्ष द्वारा उठाये गये मुद्दों का जवाब दिया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि यह सत्र छोटा है, पर काफी महत्वपूर्ण है। इसमें कई वित्तीय कार्य के साथ–साथ विधायी कार्य भी निष्पादित किये जाएंगे। उन्होंने विपक्ष से सदन के संचालन में सहयोग की अपील की है।

---

विधानमंडल के मानसून सत्र के पहले दिन की बैठक के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में एनडीए विधानमंडल दल की बैठक होगी। विधानमंडल के विस्तारित भवन के सेंट्रल हॉल में यह बैठक दोपहर बारह बजे से होनी है। इस मौके पर इस सत्र में विपक्ष के हमले का जवाब देने और राज्य सरकार की उपलब्धियों को सदन में प्रभावी ढंग से रखने को लेकर रणनीति पर विमर्श किया जाएगा। इधर, भाजपा विधानमंडल दल की बैठक कल आयोजित जाएगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में पार्टी के सभी विधायक और विधान पार्षद मौजूद रहेंगे। बैठक में सत्र को लेकर पार्टी की रणनीति पर चर्चा होगी।

---

राज्य सरकार पंचायतों में पंद्रह लाख रूपये से कम की योजना का काम भी टेंडर के माध्यम से कराने के फैसले पर पुनर्विचार करेगी। पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में ये जानकारी दी।

---बाईट---

गौरतलब है कि पिछले दिनों राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में पंचायत निर्माण कार्य मैनुअल को स्वीकृति प्रदान की गयी थी। इसके तहत पंचायतों में पंद्रह लाख रूपये से कम की योजना का काम भी टेंडर के माध्यम से होना था। इस फैसले का मुखिया संघ अैर पंचायत जनप्रतिनिधि विरोध कर रहे थे। इस बीच, पंचायतीराज मंत्री से वार्ता के बाद मुखिया संघ ने इस फैसले के विरोध में चलाये जा रहे आंदोलन को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है।

---

नीट–यूजी परीक्षा में अनियमितता और पेपर लीक मामले से जुड़ी याचिकाओं पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्र की पीठ चालीस से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। पिछली सुनवाई में न्यायालय ने एनटीए को परीक्षार्थियों की पहचान छुपाते हुए शहर और केन्द्रवार परिणाम प्रकाशित करने का आदेश दिया था। इधर, सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार तीन और आरोपियों शशिकांत पासवान, दीपेंद्र शर्मा और कुमार मंगलम विश्नोई को दस दिनों की रिमांड पर ले लिया है। कल जांच एजेंसी ने तीनों को पटना स्थित विशेष अदालत में पेश कर दस दिनों की रिमांड मांगी थी। दीपेंद्र शर्मा और कुमार मंगलम विश्नोई राजस्थान के भरतपुर मेडिकल कॉलेज के छात्र हैं। इन दोनों पर प्रश्न पत्र हल करने का आरोप है। वहीं, शशिकांत पासवान पर प्रश्न पत्र लीक करने का आरोप है।

---

सावन का पवित्र महीना आज से शुरू हो गया है। इस बार सावन महीने के दौरान पांच सोमवार पड़ेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि पवित्र महीने की शुरूआत होने के साथ ही पूरा वातावरण शिवमय हो गया है।

---म्यूजिक---

मुजफ्फरपुर के बाबा गरीब नाथ, सोनपुर के हरिहर नाथ, पूर्वी चंपारण के अरेराज मंदिर, पटना के बैकटपुर धाम, रोहतास के गुप्ताधाम, जहानाबाद के वाणावर, लखीसराय के अशोकधाम और मधेपुरा के सिंघेश्वर स्थान समेत प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। भागलपुर के सुल्तानगंज में बड़ी संख्या में कांवरिया उत्तरवाहिनी गंगा का जल उठाने के लिये पहुंच रहे हैं। ये कांवड़ियां एक सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

–––म्यूजिक–––

इधर, सुल्तानगंज में नमामि गंगे घाट पर आज विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले की विधिवत शुरूआत होगी। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा संयुक्त रूप से मेले का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

———————————————————

रेलवे ने स्पष्ट किया है कि रेलगाड़ियों में वेटिंग टिकट पर यात्रा करने के प्रावधानों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। हाल के दिनों में ऐसी सूचनाएं इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहीं हैं, जिनमें यह कहा जा रहा है कि अब किसी भी ट्रेन में कोई भी व्यक्ति वेटिंग टिकट पर सफर नहीं कर सकेगा। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने ऐसी सूचनाओं को भ्रामक बताया है। उन्होंने बताया कि तेजस, जनशताब्दी और वंदे भारत जैसी ट्रेनों में वेटिंग टिकट पर सफर करने से मनाही पहले से ही है। उन्होंने बताया कि ई–टिकट के वेटिंग रहने पर यात्रियों का पैसा रिफंड हो जाता है और वे बेटिकट माने जाते हैं। उन्होंने लोगों से ऐसी भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।

———————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि बिना बुनियादी सुविधाओं के चल रहे निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का पंजीकरण रद्द होगा। श्रम संसाधन विभाग ने निजी आईटीआई की जांच कराने का फैसला किया है। विभागीय सूत्रों ने बताया कि तय मानक का उल्लंघन करने वाले संस्थानों का पंजीकरण रद्द होगा। राज्य में एक हजार दो सौ से अधिक निजी आईटीआई हैं।

———————————————————

प्रदेश के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में आज सुबह से रूक–रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, मधुबनी, सीतामढ़ी, दरभंगा, सुपौल, सहरसा और मधेपुरा समेत आस–पास के जिलों में बारिश होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों तक राज्य में हल्की बारिश की परिस्थितियां बनी रहेगी।

–––बाईट–––

इधर, प्रदेश में अब तक तीन सौ दो दशमलव पांच मिलीमीटर बारिश हुयी है, जो सामान्य से पच्चीस प्रतिशत कम है। मौसम विभाग के अनुसार इस समय तक राज्य में चार सौ पांच दशमलव सात मिलीमीटर बारिश होनी चाहिए थी।

---

दरभंगा के पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी ने पैसे लेकर वारंटी को छोड़ने के आरोप में डायल एक सौ बारह से जुड़े एक एएसआई और एक महिला सिपाही समेत तीन पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है।

---

सीतामढ़ी जिले के सोनबरसा में भारत–नेपाल सीमा के पास से एसएसबी के जवानों ने अस्सी किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। वहीं, अररिया जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पलासी में पुलिस ने छापेमारी कर एक चार पहिया वाहन से ग्यारह किलो गांजा बरामद किया है।

---

शेखपुरा जिले की कोरमा थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक ट्रैक्टर–ट्रॉली चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए वाहन चोर गिरोह के सरगना सहित चार अपराधियों गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने संसद और बिहार विधानमंडल के मानसून सत्र की शुरूआत से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** लिखता है – संसद का मानसून सत्र आज से। सर्वदलीय बैठक में गूंजी बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है – विधानमंडल के मानसून सत्र में दोनों तरफ से गरजने–बरसने की तैयारी।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है – अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव से बाईडेन हटे। राष्ट्रपति के रेस में पहली बार भारतवंशी कमला हैरीस।

**प्रभात खबर** लिखता है – कांग्रेस का दावा, आरएसएस के कार्यक्रम में सरकारी कर्मियों के शामिल होने पर बैन हटा।

**आज** अखबार ने राज्य के मंत्री नितिन नवीन के हवाले से लिखा है – बिहार में कांवर रूट की दुकानों पर नेम प्लेट नहीं लगेगा।

**राष्ट्रीय सहारा** समेत सभी समाचार पत्रों ने आज से सावन के पवित्र महीने की शुरूआत से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. संसद का बजट सत्र आज से। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन लोकसभा में पेश करेंगी आर्थिक सर्वेक्षण।

02. बिहार विधानमंडल का पांच दिवसीय मानसून सत्र भी आज से हो रहा है शुरू। सत्र के दौरान दोनों सदनों की पांच–पांच बैठके होंगी।

03. राज्य सरकार पंचायतों में टेंडर के माध्यम से पंद्रह लाख रूपये से कम की योजना का काम कराने के फैसले पर पुनर्विचार करेगी।

04. और, सावन के पवित्र महीने की आज से शुरूआत। मंदिरो और शिवालयों में भक्तों की उमड़ी है भीड़।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।